11/5/17 - पत्रावली आज हनुमान चौपाल ग्राम पंचायत डांगियावास पेश हुई। ग्रामीणगण एवं अप्रार्थी की ओर से नायब तहसीलदार डांगियावास उपस्थित। प्रस्तुत प्रकरण में ग्रामीण की ओर से ग्राम डांगियावास के ख० न० 211 की 7 बीघा भूमि पर वाद के विरुद्ध अर्थात अप्रार्थी के विरुद्ध निषेधाज्ञा जारी कर उक्त 7 बीघा भूमि को यथास्थिति कायम किये जाने का आग्रह किया है।

आज हनुमान चौपाल डांगियावास अप्रार्थी राज्य सरकार जरिये तहसीलदार जोधपुर की ओर से नायब तहसीलदार डांगियावास उपस्थित हुवे। जिन्होंने इस वाद में जवाब पेश तथा जमाबंदी सम्वत 2058-61 प्रस्तुत की गयी तथा प्रार्थना पत्र का जवाब प्रस्तुत नहीं कर अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र पर तथ्यों की पूर्ण जानकारी होने के कारण बहस की।

अप्रार्थी की ओर से प्रस्तुत उक्त जवाब एवं जमाबंदी के अवलोकन से विवादित भूमि वर्तमान में जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के नाम दर्ज है जिसमें प्रार्थीगण भी

LTI अरबदान

हेमराम

रामाराम

नत्थाराम

11.5.17

सरपंच
ग्राम पंचायत डांगियावास
पं.स. जोधपुर (मु.-मण्डोर)

11/5/17
सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक)
जोधपुर

Scanned by CamScanner

तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल

अपने वाद पत्र एवं प्रार्थना पत्र में पक्षकार नहीं बनाया है जबकि वे इस प्रकरण में आवश्यक पक्षकार हैं, और इनके जवाब पर ही प्रकरण में गुणावगुण पर निर्णय पारित किया जा सकेगा।

बहस उभयपक्ष सुनी गयी तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया।

प्रस्तुत प्रकरण में प्रथम दृष्टया मामला, सुविधा का संतुलन वादग्रस्त भूमि JDA के नाम दर्ज होने से इनके पक्ष में होना पाया जाता है।

चूंकि प्रार्थीगण (वादीगण) ने इस प्रार्थना पत्र के साथ-साथ स्थाई निषेधाज्ञा का वाद भी प्रस्तुत कर रखा है और यदि उक्त वाद साक्ष्यों के आधार पर प्रार्थीगण के पक्ष में पारित होने की न्यायोचित सम्भावना बनती है तो उस परिस्थिति में प्रार्थीगण की प्रार्थना पत्र पर न्यायोचित विचार किया जा सकेगा।

लिहाजा उपरोक्त परिदृश्य में प्रस्तुत प्रकरण में अस्थाई निषेधाज्ञा पारित किये जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होने से प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र U/S 212 R.T.Act अस्वीकार किया जाता है।

आदेश आज दिनांक 11-5-2017 को मुकाम ग्राम पंचायत डांगियावास खुर्द आम सुनाया गया। पत्रावली नौतल रजिस्टर नम्बर से कम होकर मूल वाद पत्रावली के शामिल हो।

11/5/17

सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक)
जोधपुर

सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) जोधपुर